## एक नजर में

### सामुदायिक भवन के लिए दिग्गी राजा ने 5 लाख दिए

**सारंगपुर 14 अप्रैल, सं.** नगर के कपिलेश्वर तीर्थ स्थल के पास निर्माणाधीन पाल समाज के छात्रावास के लिए एक पहल की गई है. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने छात्रावास परिसर में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 5 लाख की राशि स्वीकृत की है. इस राशि से एक अतिरिक्त भवन का निर्माण होगा, जिससे विद्यार्थियों और समाज के सदस्यों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी. मंगलवार को मोहनसिंह पाल ने बताया कि सोमवार को दिल्ली स्थित लोधी स्टेट निवास पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने इस संबंध में एक पत्र राज्यसभा सांसद अशोक सिंह (ग्वालियर) को भेजा है. यह अतिरिक्त सामुदायिक भवन विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई, बैठकों और अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन की सुविधा प्रदान करेगा. इस अवसर पर पचोर के पार्षद सुधीर गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे. स्थानीय लोगों और पाल समाज के सदस्यों ने इस स्वीकृति पर संतोष व्यक्त किया है.

### श्रेष्ठ रहा के.सी. कान्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 14 अप्रैल, का.** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था के.सी. कॉन्वेंट हाई स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 9 वीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया. बेहतर परीक्षा परिणाम पाकर छात्र काफी उत्साहित नजर आये. उत्साहवर्धन के लिए स्कूल संचालक इंदरसिंह लववंशी द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र, फूल माला, तिलक, मिठाई खिलाकर बधाई दी. पालकगणों को भी फूल माला पहनाकर सम्मानित किया. कहा कि आप सभी अच्छे से मेहनत करके अपना और अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करे. अच्छी मेहनत करें और आगामी परीक्षाओं में और भी बेहतर प्रदर्शन करे. इस अवसर पर विद्यालय परिवार के संचालक इंदरसिंह लववंशी, उप- प्राचार्य रामजीवन सर, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, शिक्षिका अंजना नागर, रीना लववंशी और विद्यालय परिवार के स्टाफ सदस्य, पालकगण उपस्थित रहे.

### घर-घर पहुंचकर कर रहे वसूली

**नवभारत न्यूज, बोड़ा 14 अप्रैल, सं.** नगर परिषद बोड़ा द्वारा राजस्व वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इसके तहत राजस्व टीम द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर विभिन्न करों की वसूली की जा रही है. इस अभियान में संपत्ति, स्वच्छता, नल-जल सहित अन्य शासकीय करों की वसूली की जा रही है. टीम द्वारा अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर नागरिकों को समय पर कर जमा करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है, जिससे नगर परिषद के विकास कार्यों को गति मिल सके. राजस्व टीम में मांगीलाल यादव, दिवान सिंह राजपूत, दीपक शर्मा, नवीन नाथ, अनिल जाटव, धीरप वर्मा, गोलू मेवाड़े सहित नगर परिषद बोड़ा के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हो रहे है. कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, ताकि पात्र नागरिक योजनाओं का लाभ ले सके. नगर परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर कर जमा कर नगर के विकास में सहयोग करें.

## गुप्तेश्वर से होकर महादेव मंदिर के पीछे पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंची आग



**जानकारी के अनुसार एक बड़े क्षेत्र में फैली आग से सैकड़ो की संख्या में पेड़ पौधे झुलसने का अनुमान है. दो से तीन किमी के दायरे में आग फैलने की जानकारी है. हाईवे से आग की लपटे कई किमी तक नजर आ रही है. इससे वन सम्पदा को भी नुकसान होने की संभावना देखी जा रही है. मंगलवार की देर शाम तक आग को बुझाने के प्रयास जारी थे.**

# आग की चपेट में चिड़िखो अभयारण्य

## 4 किमी के दायरे में महादेव मंदिर तक फैली आग, करीब 70 वनकर्मी फायर बीटर की मदद से आग बुझाने में जुटे

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 14 अप्रैल, सं. नगर के समीप स्थित चिड़ीखो वन क्षेत्र में मंगलवार को भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया. यह आग छोटे महादेव बीट के विभिन्न हिस्सों में एक साथ भड़क उठी और तेज हवाओं के चलते तेजी से फैलते हुए छोटे महादेव मंदिर के समीप तक जा पहुंची. देर शाम तक आग पर काबू पाने भरसक प्रयास किए जा रहे थे.**

एकाएक भड़की आग से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और वन क्षेत्र में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई. दोपहर में धुँआली तालाब के ऊपरी हिस्से से उठता घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई देते हुए अफरा-तफरी मच गई.

### विभाग का अमला जुटा आग बुझाने में

जिस पहाड़ी क्षेत्र में आग लगी वहां पर फायर ब्रिगेड का पहुंच पाना असंभव है. ऐसी स्थिति में अमले द्वारा तकनीकि फायर बीटर आदि साधनों के माध्यम से आग पर काबू पाने के प्रयास जारी थे.

### आगजनी से वन संपदा और वन्य जीवों पर खतरा

वन विभाग प्रबंधन के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है .आशंका जताई जा रही है कि सूखी घास और तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. प्रारंभिक तौर पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है. गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में वन क्षेत्रों में आग की घटनाएं बढ़ जाती है, जिससे वन संपदा के साथ-साथ वन्य जीवों पर भी संकट मंडराने लगता है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग कई स्थानों पर एक साथ फैली नजर आयी. जिससे आग की भयावहता, तीव्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है .सूचना मिलते ही वन समिति एवं अभ्यारण्य (सेंचुरी) का अमला मौके पर पहुंचा और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गये. वनकर्मियों द्वारा सीमित संसाधनों के बीच लगातार मशक्कत की जा रही है, लेकिन देर शाम तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका. आग पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार प्रयास जारी है. हाईवे से गुजर रहे राहगीरों ने इस भयावह दृश्य को अपने मोबाइल में कैद किया. यह आग नादिया पानी से लेकर गुप्तेश्वर और छोटे महादेव की पहाड़ी के पीछे लगी हुई है.

### जीव, सम्पदा की क्षति का अनुमान

जिस तरह एक बड़े क्षेत्र में आग फैली उसको देखते हुए जीव, सम्पदा को भी क्षति पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है. आग में घिरे बड़े क्षेत्र में काफी संख्या में पेड़ पौधे, वन सम्पदा और जीव जंतु होने का अनुमान है. आग के कारण इनको क्षति होने की सभावना जताई जा रही है. हालांकि आग बुझने पर ही क्षति का आंकलन हो सकेगा.



### अमले के साथ युवा भी जुटे आग बुझाने में

पहाड़ी क्षेत्र में लगी आग की भयावहता देख हर कोई दंग रह गया. आग बुझाने में विभागीय कर्मचारियों के साथ ही बड़ी संख्या में नगर के युवा पर्यावरण प्रेमी जुट गये. सौ से अधिक युवा विभाग के अमले के साथ आग बुझाने में जुटे हुए रहे. साथ ही सोशल मिडिया के माध्यम से भी आग बुझाने में सहयोग करने की अपील की जा रही थी.



# दो कारों में भयंकर भिड़ंत से पांच गंभीर घायल

## एक व्यक्ति को मामूली चोटें आईं

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 14 अप्रैल, सं. छापीहेड़ा-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग झाड़मऊ जोड़ के पास दो कारों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई. इस सड़क दुघर्टना में छह व्यक्ति घायल हो गए. यह हादसा भीषण सड़क दुघर्टना तेज रफ्तार के कारण हुई, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. तथा इस दुर्घटना में 5 लोग गंभीर घायल हो गए.वही एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं.**

हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस एवं लोगों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया. जहां तत्काल प्राथमिक उपचार दौरान बाहर रेफर कर दिया है. जानकारी के अनुसार एक शादी समारोह से वापस अपने गांव रसूलपुरा (खुजनेर) की ओर जा रही अल्टो कार एवं सामने से आ रही कार जो सोयतकलां की ओर जा रही थी झाड़मऊ जोड़ के पास आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई. जिसमें पांच लोग गंभीर घायल हो गए. एक व्यक्ति को मामूली चोटे आई है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान बाहर रेफर कर दिया. बताया जा रहा है. दुर्गेश दामड़िया और अनिल दामड़िया निवासी सोयतकलां एक कार में सवार थे दोनों गंभीर घायल हो गए हैं.

वही दूसरी कार में पवन पालीवाल उम्र 40 वर्ष निवासी रसूलपुरा, ललिताबाई उम्र 60 साल निवासी रसूलपुरा, बाबूलाल 60 साल निवासी रसूलपुरा, गोकुल निवासी धुंआखेड़ी बमोरी सवार थे इनमें से तीन लोग गंभीर घायल हो गए. वही एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई. पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की.

### 65 नए सदस्यों को जीरो प्रतिशत ब्याज की जानकारी दी

**राजगढ़ 14 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ से संबंधित 140 बहुउदेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में नवीन सदस्य 24 हजार 500 बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. उक्त निर्देशो के पालन में नवीन सदस्यता अभियान प्रारम्भ किया गया है. उक्त अभियान में अरूण कुमार मिश्रा उपायुक्त सहकारिता कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाए म.प्र. भोपाल उपस्थित रहे. शाखा कुरावर की संस्थाओं के नवीन सदस्यों को बैंक की योजनाओं से अवगत कराया.

# नि :शुल्क नेत्र शिविर में 126 लोगों की हुई जांच

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 14 अप्रैल, सं.** सरस्वती ज्ञान मंदिर में डॉ अंबेडकरजी की जयंती पर निशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया. शिविर में कुल 126 लोगों की आंखों की जांच की गई. जिनमें से 16 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया. शिविर के दौरान 16 लोगों को निशुल्क चश्मा और 94 लोगों को आवश्यक दवाएं भी वितरित की गई. श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट,



आनंदपुर के डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया.

शिविर में श्रीसद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के डॉक्टर अभिषेक सुमन, घनश्याम बघेल,कल्पेश शर्मा,प्रद्युमन शर्मा, जितेंद्र जादौन ,डॉ घनश्याम परमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य राधेश्याम नागर, आप पार्टी के उपाध्यक्ष रामबाबू चौहान शामिल रहे.आयोजकों ने इस पहल को सामाजिक सेवा का एक महत्वपूर्ण कदम बताया. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छोटे शहरों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने और लोगों को समय पर इलाज दिलाने में सहायक होते हैं.



## शोभायात्रा निकालकर मनाई गई सेन जयंती

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 अप्रैल, का.** नगर में संत शिरोमणि सेन जी महाराज जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई. इस अवसर पर संत शिरोमणि सेन जी महाराज के मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया. बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया. यह शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर पहुंची.महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने पारंपरिक परिधान में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाई. इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह हाडा, जिला अध्यक्ष भाजपा ज्ञानसिंह गुर्जर, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मति मोना सुस्तानी, प्रतापसिंह सिसोदिया, नपाध्यक्ष विनोद साहू, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य, जनपद अध्यक्ष फूलसिंह तंवर, जिला मीडिया प्रभारी जगदीश दास, प्रवीण मिश्रा, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, सौभाग्यसिंह, गट्टू बना एवं कमल तंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे.

# श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष बने पुरुषोत्तम वैष्णव

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 अप्रैल,का. श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदोरिया द्वारा जिले के वरिष्ठ पत्रकारों की सहमति उपरांत पर पचोर के वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम वैष्णव को श्रमजीवी पत्रकार संघ की भोपाल इकाई का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया है.**

श्री वैष्णव पचोर प्रेस क्लब के अध्यक्ष भी रहे है. उनकी पहचान एक ईमानदार, कर्मठ, संघर्षशील पत्रकार की रही है. श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार त्रिपाठी द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा कि वैष्णव की नियुक्ति से



संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्राप्त होगी. श्री वैष्णव की नियुक्ति पर श्रमजीवी संगठन के जिला, संभाग व प्रदेश पदाधिकारियों सहित जिले के पत्रकारों ने बधाई शुभकामनाएं दी है. उन्हें बधाई देने वालों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व मित्रगण शामिल है.

### नल-जल योजना में मिला पर्याप्त और स्थायी जल स्त्रोत

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लगातार किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है. विकासखंड नरसिंहगढ़ के ग्राम खेड़ा ताजपुरा में नल-जल योजना के तहत किए गए कार्यों में चार इंच तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, जो न केवल पर्याप्त है बल्कि लंबे समय तक टिकाऊ (सस्टेनेबल) भी मानी जा रही है. लंबे समय से जल संकट की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है. नल-जल योजना के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी.

**विवाद** चचेरे 3 भाइयों पर हत्या का आरोप, गांव में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा

# पारिवारिक विवाद में फायरिंग, युवक की मौत, एक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 अप्रैल, का. समीपस्थ ग्राम भगवतीपुर में सोमवार की रात पारिवारिक विवाद में फायरिंग हुई है जिसमें एक युवक की मौत हो गई. मामले में मृतक के चचेरे भाईयों पर हत्या का आरोप लगाया गया है. घटना के बाद अस्पताल के बाहर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए. साथ ही गांव में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. सोमवार रात पारिवारिक विवाद और पुरानी रंजिश के चलते 26 वर्षीय युवक रामबाबू गुर्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई. वारदात को मृतक के काका-ताऊ के बेटों ने मिलकर अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए. घटना रात करीब 10 बजे की है.**

एसडीओपी अरविंद सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है.



### पुराने विवाद में गई युवक की जान

भगवतीपुरा में इस परिवार के भीतर लंबे समय से विवाद चल रहा था. उसी की परिणति में घटना हुई और युवक की जान चली गई. जानकारी के अनुसार लंबे अरसे से चला आ रहा पारिवारिक विवाद सोमवार रात संघर्ष में बदल गया. आरोपी पक्ष मृतक के काका-ताऊ के बेटे हैं और पुरानी रंजिश को ही इस वारदात की मुख्य वजह माना जा रहा है. आरोप है कि लखन, विशाल और गब्बर (पिता करण सिंह) ने मिलकर रामबाबू गुर्जर पर गोली चलाई. गोली लगने से रामबाबू की मौके पर ही मौत हो गई. वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी घटनास्थल से भाग निकले.

**पहले भी कर चुके है थाने में शिकायत**-युवक को जब गोली लगी वह अपने गांव जा रहा था. बताया जा रहा है कि युवक के सीने में गोली आर पार निकल गई. वहीं आरोप है कि उसे पत्थरों से भी कुचला गया है. आरोपी मृतक युवक के काका ताऊ के लड़के है. इनमें विशाल पिता कारण सिंह, होकम पिता प्यार जी गुर्जर शामिल है. मामला पैतृक जमीन, पारिवारिक विवाद का है.

2024 में भारत सिह ने करण सिंह के खिलाफ विवाद को लेकर मामल थाने में पहुंचे थे. फिलहाल विशाल गिरफ्त में है. जहां युवक पर हमला हुआ वह उसके घर 300 मीटर की दूरी पर है. युवक के चेहरे पर भी चोट के निशान मिले है. रात भर पुलिस बल गांव में मौजूद रहा. साथ ही अंतिम संस्कार के समय भी पुलिस बल की मौजूदगी रही. घटना के समय गाँव वालों ने गोली की आवाज सुनी. वहीं गाँव के संदीप ने लड़ाई की आवाज सुनी थी.

### विवेचना जारी

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था. युवक की हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद ही सामने आ रहा है. बयानों के आधार पर मामले की जांच जारी है.

**मंजू मखेनिया, थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़**

### गोघटपुर में युवक ने फांसी लगाई

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 14 अप्रैल, सं.** माचलपुर थाना क्षेत्र के गोघटपुर बायो पेट्रोल पंप के पीछे एक युवक ने पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लेकर आत्महत्या करने का मामला सामना आया है. जानकारी के अनुसार सोयत थाना क्षेत्र के डूंगर गांव का रहने वाला युवक दयाराम पिता कनीराम गुर्जर ने बीती रात्रि में गोघटपुर के बायो पेट्रोल पंप के पीछे एक पेड़ में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. शव को पोस्टमार्टम जाकर परिजनों को सौंप दिया. पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है.



# जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 अप्रैल, का.** संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को नगर सहित जिले भर में शोभायात्रा निकली गई, धार्मिक, सामाजिक आयोजन हुए. नगर में सर्व सेन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई. मुल्तानपुरा में इंदौर नाका पुल के समीप श्री सेनजी महाराज के मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो इंदौर नाका, अहिंसा द्वार, पुराना ए.बी.रोड, पीपल चौराहा, पुराना बस स्टेण्ड, मेन मार्केट, जूना ब्यावरा से होते हुए श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पहुंची.

### संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती मनाई

**सारंगपुर 14 अप्रैल, सं.** संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की जयंती सेन समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई. सेन जयंती सेन समाज के आराध्य देव सत्य अहिंसा और प्रेम के प्रतीक संत शिरोमणि श्री सेनजी महाराज की जयंती पर सेन समाज के द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर मुखर्जी चौक में पंडित महेश जोशी द्वारा भगवान की पूजा आरती की गई. सभी समाजजन के द्वारा भक्तिमय वातावरण में श्री सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की गई.

इस अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अखिलेश चौहान, दिनेश चौहान, राधेश्याम चौहान, उमाशंकर पचनालिया, गौरीशंकर चौहान, सुनील चौहान, मुकेश चौहान, यशवंत चौहान, नीरज चौहान,निलेश चौहान, अंकित चौहान,राजू चौहान, गिरीश चौहान,ऋषि चौहान, रामू पुष्पद, दीपचंद विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धालु उपस्थित रहे.